आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 06.01.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री ने कहा– राज्य में स्थित ट्रैकिंग रूटों को और बेहतर बनाया जाएगा।
- केंद्र सरकार ने पेरासिटामोल दवा के उत्पादन के लिए सीएसआईआर के स्वदेशी तकनीक के विकास की घोषणा की।
- पौड़ी पुलिस सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यातायात मार्गों पर गढ़वाली भाषा में साइन बोर्ड लगाए हैं।
- राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में आज बर्फबारी की संभावना।

पैदल निरीक्षण

देहरादून से मसूरी के बीच स्थित ट्रैकिंग मार्ग के विकास को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पैदल निरीक्षण किया। उन्होंने मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि ट्रैक के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखते हुए ट्रैकर्स और पर्यटकों के लिए बैठने, भोजन, शौचालय सहित रास्तों की सटीक जानकारी के लिये साइनेज और सुरक्षा उपायों की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों और पुराने ट्रैकर्स से भी बातचीत की और उनकी राय को विकास योजना में शामिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अन्य ट्रैकिंग मार्गों को भी बेहतर बनाया जाएगा ताकि पर्यटक राज्य की सुंदरता और संस्कृति का आनंद उठा सकें।

स्वदेशी तकनीक

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने आज घोषणा की है कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने बुखार कम करने और दर्द से राहत प्रदान करने में व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल औषधि के उत्पादन के लिए एक स्वदेशी तकनीक विकसित की है। श्री सिंह ने कहा कि इस नवाचार का उद्देश्य इस औषधि को बनाने के लिए आयातित तत्वों पर निर्भरता कम करने और पैरासिटामोल के विनिर्माण में भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।

महत्वूपर्ण कदम

नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना ने जिले में झीलों की सफाई और सौंदर्यीकरण को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हल्द्वानी शिविर कार्यालय में आयोजित बैठक में उन्होंने अधिकारियों को नैनीताल, भीमताल, नौकुचियाताल और कमलताल झीलों से गाद निकालने और क्षतिग्रस्त चाहरदीवारी और रेलिंग की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। बैठक में झीलों के चारों ओर पर्यटकों की सुविधा के लिए पेरिफेरल पाथवे बनाने का प्रस्ताव रखा गया। जिलाधिकारी ने झीलों में आने वाले नालों पर जाली और चेकडैम बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कमलताल, भीमताल और नैनी झील की सफाई और मरम्मत कार्य की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट सिंचाई विभाग को तैयार करने के निर्देश दिये। जबकि नौकुचियाताल और भीमताल झील के आसपास पर्यटन सुविधाओं के विकास की डीपीआर जिला विकास प्राधिकरण को बनाने के लिये कहा गया है।

गुरु गोविंद सिंह जयंती

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान को नमन किया। अपने संदेश में श्री धामी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन त्याग, बलिदान, साहस और करुणा का प्रतीक है। उनके संदेश और आदर्श आज भी समाज में समानता, एकता और आत्मसम्मान की भावना को जागृत करते हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों से उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया है।

स्कीइंग प्रतियोगिता

चमोली जिले के ज्योर्तिमठ में हिम क्रीड़ा केन्द्र औली के नन्दा देवी स्कीइंग स्लोप पर नेशनल गेम्स और खेलो इंडिया नेशनल विंटर गेम्स के लिए राज्य स्तरीय स्कीइंग टीम का चयन किया गया। चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर की दोनों प्रतियोगिताओं मे प्रतिभाग करेंगे। स्की एंड माउंटनियरिंग एसोसिएशन उत्तराखंड के अध्यक्ष अजय भट्ट ने बताया कि सीनियर स्कीइंग टीम के लिए मयंक डिमरी, हिमांशु, जयदीप भट्ट, हिमांशु कवाण, सोबत सिंह, शार्दुल थपलियाल, मंजेश भण्डारी, पंकज भण्डारी, प्रमोद भण्डारी, संदीप सेमवाल व अभिषेक भट्ट का चयन  जबकि जूनियर टीम में शाहिल डिमरी व रिशांत डिमरी को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि 29 जनवरी से 2 फरवरी तक यह नेशनल गेम्स आयोजित किए जाएंगे।

सुरक्षित यातायात

पौड़ी पुलिस ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए गढ़वाली भाषा में साइन बोर्ड लगाने की अनूठी पहल की है। स्थानीय भाषा में संदेश देने से न केवल लोगों में जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि यातायात नियमों के पालन में भी सुधार आएगा। प्रधानमंत्री द्वारा स्थानीय भाषाओं के संरक्षण पर दिए गए संदेश को ध्यान में रखते हुए जिले में यह पहल की जा रही है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह

ने बताया कि गढ़वाली में संदेश देने से स्थानीय लोग इसे आसानी से समझ पाएंगे और इसका सकारात्मक प्रभाव यातायात नियमों के पालन पर देखने को मिलेगा सतपुली क्षेत्र में लगे इन गढ़वाली साइन बोर्डों को लेकर लोग काफी उत्साहित हैं। स्थानीय निवासी मनीष स्वतंत्र ने बताया कि गढ़वाली में संदेश लोगों को आकर्षित कर रहे हैं और इन पर चर्चा भी हो रही है।

मौसम

राज्य के ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में आज बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के तीन हजार तीन सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में आज ताजा हिमपात का अनुमान है। साथ ही कुछ निचले हिस्सों में बारिश की संभावना भी है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में कहीं—कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने और मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर कोहरा छाये रहने की संभावना है।

नेशनल गेम्स में चयन

हरिद्वार जिले के तीन बास्केटबॉल खिलाड़ियों का 74 वीं सीनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव संजय चौहान ने बताया कि 74 वीं सीनियर नेशनल चैंपियनशिप बास्केटबॉल प्रतियोगिता 5 से 12 जनवरी तक भावनगर गुजरात होगी। इस चैंपियनशिप के लिए उत्तराखंड की टीम में हरिद्वार के वैभव चौधरी, अस्मित चौहान, आस्था अरोड़ा का चयन किया गया है। वैभव चौधरी को उत्तराखंड का कप्तान बनाया गया। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित नैयर और प्रदेश उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

सत्यापन

उत्तराखंड में इसी माह के अंत में 38वें राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी है। प्रतियोगिताओं को लेकर राज्य मे सुरक्षा व्यवस्था को चॉक—चौबंद किया जा रहा है। इसी कम में हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल के निर्देश पर सत्यापन अभियान चलाया गया। जिले के सभी थाना क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में डोर टू डोर पुलिस टीम ने किराएदारों का सत्यापन किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के जन संपर्क अधिकारी विपिन पाठक ने बताया कि सत्यापन अभियान के तहत, एक हजार छह सौ तितालिस लोगों का सत्यापन किया गया। किरायेदारों का सत्यापन न कराने पर सैतालिस मकान मालिकों से चार लाख सत्तर हजार का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा छियासठ लोगों का पुलिस एक्ट में चालान भी किया गया।

और एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

प्रदेश के ट्रेकिंग रूटों को बनाया जाएगा बेहतर। मुख्यमंत्री के इन निर्देशों पर अमर उजाला की ख़बर है– देहरादून–मसूरी ट्रेक पर मूलभूत सुविधांए विकसित करने के लिये निर्देश, शंहशाई–झड़ीपानी ट्रेक का किया निरीक्षण।

महाकुंभ के लिये बीस जनवरी के बाद टिहरी बांध से गंगा में छोड़ा जाएगा अतिरिक्त पानी। इस ख़बर को पहले पृष्ठ में स्थान देते हुए दैनिक जागरण ने लिखा है– 20 जनवरी से झील से हर रोज 200 क्यूमेक्स पानी ही गंगा में छोड़ा जाएगा। समाचार पत्र के अनुसार अतिरिक्त पानी छोड़ने का आग्रह उत्तर प्रदेश सिचांई विभाग से किया गया है।

राज्य में आयुष्मान कार्डो के सत्यापन की ख़बर को हिंदुस्तान समाचार पत्र ने प्रमुखता दी है। समाचार पत्र लिखता है– आयुष्मान में फर्जीवाड़ा रोकने के लिये सरकार ने उठाया कदम, आधार और राशन कार्ड का भी होगा सत्यापन।

विश्व स्तर के भूस्खलन शोध केंद्र स्थापना का होमवर्क शुरू। नवोदय टाइम्स इस सुर्खी के साथ लिखता है कि राज्य में हाल ही में स्थापित भूस्खलन न्यूनीकरण केंद्र ने कंसलटेंसी एजेंसी के रूप में शुरू किया कार्य।

चकराता में पर्यावरण पार्क में होगा होटलों का कूड़ा निस्तारण। राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र के अनुसार कैंट बोर्ड अधिकारियों और होटल कारोबारियों के बीच हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

अमर उजाला समाचार पत्र ने एक ख़बर पर लिखा है कि राज्य में झंगोरे का एमएसपी तय हो सकता है। समाचार पत्र के अनुसार कृषि विभाग ने एमएसपी तय करने के लिये शासन को प्रस्ताव भेजा है।